हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 14 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

4
घर उजड़े तो महिलाएं उठीं : चंदाई में शराबबंदी को लेकर महिलाओं ने लिया निर्णायक मोर्चा





## खबर संक्षेप



### साहू नारायणी सेना ने मनाया सावन उत्सव

**रायगढ़।** सावन के हरियाले मौसम में संस्कृति और परंपरा की खुशबू बिखेरते हुए साहू नारायणी सेना द्वारा रविवार को साहू कर्मा सामुदायिक भवन केलो नदी पार मरीन ड्राइव में भव्य नेवता सावनोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों और स्वागत नृत्य के साथ हुआ। माहौल पूरी तरह सावन के उल्लास और लोकगीतों की मिठास से सराबोर था। आयोजन स्थल को हरे भरे फूलों, झूलों और पारंपरिक साज सज्जा से सजाया गया था। इस मौके पर महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक पहनावे में मंच पर अपनी छटा बिखेरी। छत्तीसगढ़ी थीम पर आधारित नृत्य और गीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश भी प्रमुखता से दिया गया। साहू नारायणी सेना की सक्रिय सदस्य सरोज साहू और रश्मि साहू ने बताया कि यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव था, बल्कि समाज को जोड़ने, परंपरा से जोड़ने और हरियाली के महत्व को समझाने का एक सुंदर माध्यम भी बना। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ भोज का आयोजन किया गया।

### धमकी देकर रुपए मांगने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** ट्रैक्टर चालक का रास्ता रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर शराब पीने के लिये रूपये की मांग करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवरी निवासी शुभम उर्फ राहुल राठौर पिता महेश राठोर उम्र 26 वर्ष द्वारा ट्रैक्टर चालक का रास्ता रोक कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही शराब पीने एवं पार्टी करने के लिये 2000 रूपये की मांग कर रहा था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर 12 जुलाई अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ किया जो अपराध करना स्वीकार करने तथा आरोपी के विरूद्ध अपराध घटित करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी शुभम ऊर्फ राहुल राठौर साकिन देवरी थाना सारागांव को 12 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### गुंडा गौरी के विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** क्षेत्र में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टिगत रखते हुये भेजी गई आदतन गुंडा बदमाश का जिला बदर की कार्यवाही के लिए भेजी गई है। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर जांजगीर -चाम्पा द्वारा सुनवाई की जायेगी। गुंडा बदमाश का जिला जांजगीर व सरहदी जिला सक्ती, रायगढ, बिलासपुर, कोरबा, बलौदा बजार जिलों से जिला बदर की कार्यवाही करने के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। मुलमुला थाना अंतर्गत ग्राम कोसा निवासी आदतन गुंडा बदमाश गौरी उर्फ रोहित बर्मन के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाहिया एवं आर्म्स एक्ट जैसे अपराध पंजीबद्ध है। गुंडा बदमाश के इस प्रकार के आपराधिक कृत्य के कारण उनका नाम गुंडा सूची थाना मुलमुला में दर्ज किया गया है।

## पिछली याचिका में नहीं मिली थी राहत, अब ठोस दस्तावेज़ों के साथ होंगे पेश

# मीना बाजार बनाम जनता : अबकी बार ठोस सबूतों के साथ कोर्ट में आर-पार की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

शहर में संचालित होने जा रहा मीना बाजार एक बार फिर विवादों में है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारी संगठनों ने मीना बाजार के संचालन को लेकर फिर से हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह वही मामला हैए जिसमें पिछले वर्ष भी याचिका लगाई गई थी, लेकिन पर्याप्त दस्तावेजों और तकनीकी कारणों के अभाव में राहत नहीं मिल पाई थी।

इस बार याचिकाकर्ता पूरी तैयारी के साथ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले हैं। उनके मुताबिक बाजार संचालन के कारण ट्रैफिक जाम, ध्वनि प्रदूषण, और सार्वजनिक असुविधा जैसी समस्यां लगातार बढ़ रही हैं। साथ ही नियमों को ताक पर रखकर जिस तरह अस्थायी दुकानों को अनुमति दी गई है उस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि निगम ने जिन शर्तों पर मीना बाजार को अस्थायी अनुमति दी थी, उसका पालन नहीं किया गया। बाजार के लिए तय क्षेत्र से बाहर तक दुकानें लग गईं, जिसके चलते मुख्य सड़क पर ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो जाता है। इसके अलावा कई दुकानों में तेज आवाज में डीजे और स्पीकर बजाए जाते हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा होती है।



### मीना बाजार बंद करवाने लड़ेंगे सड़क की लड़ाई

शहर के बीचों बीच शुरू होने का रहे मीना बाजार को लेकर अब लोगों का सब्र टूटने लगा है। प्रशासनिक चुप्पी और बढ़ती अव्यवस्थाओं के बीच अब स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने साफ कर दिया है कि अगर कोर्ट से न्याय नहीं मिला, तो अब सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे। मीना बाजार को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, याचिका भी दायर हुई, लेकिन स्थिति जस की तस है। अब जनता खुलकर सामने आ रही है और जल्द ही विरोध प्रदर्शन, जनसभा और रैली के माध्यम से दबाव बनाने की रणनीति बनाई जा रही है।

### पूर्व में यह रहा था मामला

पिछले साल जब यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा थाए तब कोर्ट ने यह कहकर याचिका खारिज कर दी थी कि याचिकाकर्ता पर्याप्त प्रमाण नहीं दे सके। कोर्ट ने यह भी कहा था कि नगर निगम को पहले इस विषय में अपनी प्रतिक्रिया देने का अवसर मिलना चाहिए। अब एक साल बाद, शिकायतकर्ताओं ने आरटीआई और निगम से प्राप्त दस्तावेजों, मीडिया रिपोर्टों, और वीडियो साक्ष्यों के आधार पर नया केस तैयार किया है।

### स्थानीय व्यापारी भी परेशान

शहर के व्यापारियों का कहना है कि मीना बाजार के चलते स्थायी दुकानों की बिक्री पर असर पड़ता है। बाजार में बिना पंजीयन अस्थायी दुकानदार आते हैं, सस्ते दाम में सामान बेचते हैं, टैक्स नहीं देते, और हमारे ग्राहक खींच ले जाते हैं, एक स्थानीय व्यापारी ने बताया कि पहले एक मीना लगती थी। लेकिन इस साल तीन मीना बाज़ार लगने की तैयारी है। ऐसे में एक महीने तक बिक्री पर असर पड़ेगा।

### जनहित में दाखिल होगी याचिका

याचिकाकर्ता इस बार मामले को जनहित याचिका के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी में हैं। याचिका में निगम प्रशासन की ओर से दी गई स्वीकृति प्रक्रिया, उसके प्रावधान, बाजार के सुरक्षा मानकों, फायर सेफ्टी, स्वच्छता, ट्रैफिक और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी सभी जानकारी शामिल की जाएगी। अब देखना होगा कि इस बार कोर्ट इस याचिका को किस तरह लेती है और क्या रायगढ़ में मीना बाजार के संचालन पर कोई स्थायी फैसला आता है या नहीं।

### जान जोख़िम में डालकर पटरी पार करते हैं लोग

मीना बाजार के चलते शहर के अंडरब्रिज तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। रेलवे पटरी के दोनों ओर लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी होती है। खासकर महिलाए बुजुर्ग और स्कूली बच्चों को अंडरब्रिज पार करना मुश्किल ही नहीं, खतरनाक भी साबित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मीना बाजार के कारण अंडरब्रिज में लगातार भीड़ बनी रहती है, जिससे पैदल चलने वालों को जगह नहीं मिलती। कई बार तो लोग रेलवे ट्रैक पार करने को मजबूर हो जाते हैं, जो जानलेवा साबित हो सकता है।



## कोसमपाली में महिला समिति के साथ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

- विरोध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई

अवैध शराब के खिलाफ महिला शक्ति और पुलिस का संयुक्त अभियान थाना कोतरारोड़ के अंतर्गत ग्राम कोसमपाली में महिला समिति की सक्रियता और सूचना पर पुलिस ने गांव में अवैध शराब बिक्री की जांच की। इस दौरान पुलिस कार्रवाई में बाधा डालने वाले तीन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई और उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में जिले के सभी थानों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में महिला समितियों के सहयोग से अवैध शराबए सट्टा और जुए के खिलाफ ठोस कार्यवाही करें। इसी पहल के तहत ग्राम कोसमपाली की महिला समिति ने अपने गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की थी। इस सूचना पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला समिति की उपस्थिति में गांव के संदेहास्पद घरों की जांच की गई। हालांकि कोई शराब बरामद नहीं हुई, लेकिन कुछ व्यक्तियों ने पुलिस और महिला समिति के कार्य में बाधा डालते हुए उन्हें धमकाया और अभद्रता की।

### तीन लोगों पर बीएनएसएस की धाराओं में कार्रवाई

घटना को संज्ञेय अपराध में बदलने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए बीएनएसएस की धारा 170, 126, 135(3) के तहत इस्तगासा तैयार किया और आरोपितों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जिन लोगों पर कार्यवाही की गई। जिनमें सनातन दास पिता स्व. कन्हैया दास, उम्र 44 वर्ष, निवासी कोसमपाली। विनोद चौहान पिता चैतराम चौहान, उम्र 45 वर्ष, निवासी गोदामडिपा, कोसमपाली और गोपाल प्रसाद चौहान पिता मोहन सिंह, उम्र 40 वर्ष,निवासी कोसमपाली हैं।

# सड़क पार करते दिखा हाथियों का बड़ा झुंड, वन विभाग को रोकनी पड़ी ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

- छाल रेंज में नजर आया काफिला

रायगढ़ जिले के छाल रेंज अंतर्गत एक दुर्लभ दृश्य सामने आया जब हाथियों का एक बड़ा दल सड़क क्रॉस करते नजर आया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि वन विभाग के कर्मचारियों और हाथी मित्र दल ने तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों ओर से आ रहे वाहनों को रोक दियाए ताकि हाथियों को बिना किसी बाधा के जंगल पार जाने दिया जा सके।

शनिवार की शाम वन विभाग को सूचना मिली थी कि छाल से धर्मजयगढ़ मार्ग के सितरा इलाके में हाथियों का एक बड़ा झुंड सड़क किनारे खड़ा है। खबर मिलते ही विभागीय टीम और हाथी मित्र दल सक्रिय हो गए। उन्होंने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया और हाथियों के लिए सुरक्षित क्रॉसिंग सुनिश्चित की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 18 हाथियों का यह दल, जिसमें छोटे छोटे शावक भी शामिल थे, एक के बाद एक करके सड़क पार करता नजर आया। बड़े हाथियों के बीच चलते हुए शावकों ने भी सहजता से सड़क पार की। हाथियों के जंगल के भीतर सुरक्षित पहुंचने के बाद ही सड़क पर यातायात पुनः शुरू किया गया। हाथियों का दल, जिसमें छोटे शावक भी शामिल थे, सुरक्षित रूप से जंगल की ओर चला गया। हाथियों के पूरी तरह जंगल में जाने के बाद ही यातायात बहाल किया गया।



### रेलवे ट्रैक के पास नजर आए 17 हाथी

रविवार सुबह ड्रोन कैमरे में 17 हाथियों का दल एएयू परिसर के बंधानीपतर्रा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास देखा गया। इस पर हाथी मित्र दल ने तत्काल बोजिया और पुसुल्दा गांव के ग्रामीणों को सतर्क किया और कच्चे रास्तों पर आवागमन से रोका। साथ ही लोगों से जंगल की ओर न जाने की अपील की गई।

### वन विभाग की निगरानी जारी

छाल रेंजर चंद्रविजय सिंह सिदार ने जानकारी दी कि हाथियों का दल अब जंगल के भीतर विचरण कर रहा है और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग और हाथी मित्र दल की सक्रियता से अब तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में रायगढ़ का श्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

- कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमीं में मिला राष्ट्रीय औसत से अधिक परिणाम

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2025 में रायगढ़ जिले ने राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। सर्वेक्षण के अंतर्गत जिले के 91 स्कूलों के 325 शिक्षक और 2728 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमीं के छात्र छात्राएं सम्मिलित थे। जिले का यह प्रदर्शन कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और सीईओ जितेन्द्र यादव के सक्रिय मार्गदर्शन और समन्वय का परिणाम है, जिन्होंने पूरे अभियान को प्रभावशाली ढंग से संचालित कराया। यह सर्वेक्षण दिसंबर 2024 में जिले के 91 चयनित शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में आयोजित किया गया थाए जिसमें 325 शिक्षक और 2728 विद्यार्थी शामिल हुए। सर्वे में जिले का प्रदर्शन सभी विषयों और कक्षाओं में राष्ट्रीय और राज्य औसत से अधिक रहा। सभी प्रमुख विषयों में रायगढ़ ने राज्य के अन्य जिलों को पीछे छोड़ दिया।




### ऐसा रहा प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| कक्षा 3 भाषाः राष्ट्रीय औसत 64प्रतिशत | रायगढ़ 70 प्रतिशत |
| कक्षा 6 गणित राष्ट्रीय औसत 46 प्रतिशत | रायगढ़ 56 प्रतिशत |
| कक्षा 9 विज्ञान राष्ट्रीय औसत 40 प्रतिशत | रायगढ़ 43 प्रतिशत |

### ग्रामीण छात्र और बालिकाएं आगे

परीक्षा परिणामों में यह बात उभरकर सामने आई कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेहतर रहा। साथ ही बालिकाओं ने तीनों कक्षाओं में बालकों से अधिक अंक अर्जित किए जो जिले की शिक्षा गुणवत्ता में लैंगिक संतुलन की ओर संकेत करता है।

### विनोबा एप में उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर संबंधित शिक्षक मानें जाएंगे गैर हाजिर

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने जिले के समस्त प्राचार्यों की मैराथन बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा में मात्र उपस्थिति नहीं, गुणवत्ता आवश्यक है। विद्यालयों में शिक्षण कार्य परिणामोन्मुख और छात्र-केंद्रित होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति विनोबा एप के माध्यम से दर्ज की जा रही है, उपस्थिति दर्ज न होने की स्थिति में संबंधित शिक्षक अनुपस्थित होंगे। कलेक्टर ने सभी शिक्षकों को मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए हैं। शनिवार 12 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में उत्कृष्ट जांजगीर योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचें, शिक्षक समयबद्ध सिलेबस पूर्ण करें तथा हर बच्चे की समझ व प्रगति पर विशेष ध्यान दें।

## सड़क पर घेरकर की पिटाई, पैसे छीने, शहर में तनाव

# बाल सेवकों पर हमला, गुंडागर्दी से शहर में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायगढ़

रायगढ़ शहर में शनिवार की रात एक निंदनीय और चौंका देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। आरएसएस के मासूम बाल सेवकों पर उस वक्त हमला किया गया जब वे गुरुपूजन कार्यक्रम से लौट रहे थे।

घटना जूटमिल थाने के पास की है, जहां कुछ बदमाशों ने सेवकों को बीच सड़क पर घेरकर न केवल बर्बर मारपीट की, बल्कि उनके पैसे भी लूट लिए। घटना के पीछे मुख्य आरोपी बंटी सिंह समेत 7 लोगों को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ गंभीर गैर जमानती धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बाल सेवकों की टोली गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रही थी। तभी अचानक तीन चार गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे बंटी सिंह और उसके साथी जिनकी संख्या 10 से अधिक बताई जा रही है। बाल सेवकों के वाहन को रोककर गाली गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। मासूम सेवकों को घेरकर बेरहमी से पीटा गया, कुछ को जमीन पर गिराकर लात.घूंसे मारे गए।



### गंभीर धाराओं में केस दर्ज गिरफ्तारी संभव

पुलिस ने घटना को सुनियोजित हमला मानते हुए लूट, मारपीट, जानलेवा हमले और बलवा जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक की निगरानी में जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर और आरोपियों की पहचान की जा रही है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### वीडियो आया सामने

हमले का वीडियो रातोंरात सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे कुछ युवक मासूम सेवकों पर टूट पड़ते हैं और उन्हें बचाने वाला कोई नहीं है। इस वीडियो ने आम जनता और संघ कार्यकर्ताओं के बीच भारी आक्रोश भड़का दिया है।

### थाने का घेराव, प्रशासन हरकत में आया

घटना की खबर मिलते ही आरएसएस और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी जूटमिल थाने पहुंचे। वहां आक्रोशित कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई। तत्काल कार्रवाई की मांग के बीच पुलिस ने रातोंरात दबिश देकर बंटी सिंह सहित 7 लोगों को हिरासत में लिया। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसडीएमए सीएसपीए नगर पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

### राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उबाल

भाजपा के जिला अध्यक्ष संघ पदाधिकारी और कई सामाजिक संगठनों ने घटना को संघ विचारधारा पर हमला करार देते हुए कहा है कि यह केवल बाल सेवकों पर नहींए बल्कि राष्ट्र की भावी पीढ़ी और संस्कृति पर हमला है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है।

### शहर में तनाव पुलिस अलर्ट

घटना के बाद शहर के कई हिस्सों में तनाव की स्थिति है। पुलिस ने एहतियातन संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# महिलाओं ने दिखाया साहस गांव में कराई पूर्ण शराबबंदी



**रायगढ़।** जिलेभर में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिश निर्देशन में कोटवार बैठक एवं जन जागरूकता के लिए विशेष आयोजन किए गए, जिसमें ग्राम कोलाईबहाल की महिलाओं ने शराबबंदी की मिसाल पेश कर सबका ध्यान आकर्षित किया। थाना चक्रधरनगर, छाल और जोबी में हुए कार्यक्रमों में समाजसेवी, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी और छात्रों को सम्मानित किया गया।

थाना चक्रधरनगर में थाना प्रभारी अमित शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में कोलाईबहाल महिला समिति को गांव में पूर्ण शराबबंदी लागू कराने में सक्रिय भूमिका निभाने पर प्रशस्ति पत्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस महिला समिति ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोलकर ग्रामीणों के सहयोग से नशामुक्ति का सफल अभियान चलाया। समारोह की शुरुआत में ग्राम कोटवारों की बैठक ली गई, जिसमें थाना प्रभारी ने बताया कि कोटवार ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। सूचना संप्रेषण, विवाद निपटारा और कानून व्यवस्था में उनकी सजग भूमिका अपराध नियंत्रण में बेहद अहम है।

## खबर संक्षेप

### केनाडांड़ में बदला गया ट्रांसफार्मर



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया की पहल पर ग्राम केनाडांड़ में विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड कांसाबेल के ग्राम केनाडांड़ के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। उनका गांव हाथी विचरण क्षेत्र में भी आता है। इस वजह से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम केनाडांड़ में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है।

### गिरने से गंभीर हुए वृद्ध की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** आस्ता थाना अंतर्गत ग्राम बहेरा कोना निवासी पांडू राम आ. सुखराम (65 वर्ष) 9 जुलाई की देर रात बाथरूम करने के लिए बाहर निकला था। इसी दौरान घर के बाहर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायय को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव को पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत, मर्ग कायम

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी बिहारपुर निवासी नरेश सिंह आ. स्व. होलसाय (45 वर्ष) बीती रात पत्नी से सिर में दर्द होने की शिकायत की। जिस पर घर में रखे दर्द का टेबलेट खिला दिया। टेबलेट खाने के बाद राहत मिलने पर सो गया। सुबह उठा और जैसे ही चाय पीने लगा तभी मुंह से झाग निकलने लगा और अचेत हो गया। परिजन नरेश को तत्काल शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा था भरमार बंदूक

**राजपुर।** 11 जुलाई को शंकरगढ़ पुलिस टीम थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में एक मर्ग जांच के लिए जोकापाठ क्षेत्र में गई हुई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव का राहू पहाड़ी कोरवा अपने घर में भरमार छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने एसपी वैभव बैंकर के निर्दश पर घेब्न्दी कर रामू पहाड़ी कोरवा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा हुआ एक नाल वाला भरमार बंदूक बरामद किया। युवक के पास भरमार कैसे पहुंचा फिलहाल युवक ने नहीं बताया है कि लेकिन संभावना है कि युवक भरमार बंदूक से जंगल में जंगली सूअरों का अवैध रूप से शिकार करने का काम करता था।

### ग्राम राईं में पानी भरने के दौरान कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

**बिश्रामपुर।** कुएं में पानी भरने के दौरान डूबने से विवाहिता की मौत हो गई है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम राई अपनापारा निवासी 40 वर्षीय सुशीला पैकरा पति सुरेंद्र पैकरा 10 जुलाई की शाम कुएं में पानी भरने गई थी, जहां फिसलकर गिर गई। परिजन द्वारा काफी तलाश किए जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। शनिवार को जब विवाहिता का छोटा पुत्र कुएं में जाकर देखा तो विवाहिता का शव ऊपर पानी में तैर रहा था।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को सामग्री किया वितरित

# रोकड़ा में जिला स्तरीय सुशासन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





बगीचा विकास खंड के ग्राम पंचायत रोकड़ा कलस्टर में 7 से 12 जुलाई तक 6 शिविर देवडाड़, गायबुढा, सोनगेरसा, सारूढाब, रोकड़ा महादेव जाबला को जिला स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें विधायक रायमुनि भगत ने हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया।

शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, क्रेडा विभाग, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, पशुधान विकास विभाग, रेशम विभाग, जल संसाधन विभाग एवं खाद्य विभाग के जिला एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारीयों द्वारा अपनी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। विषेश रूप से आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के अन्तर्गत 17 मंत्रालय एवं इससे संबंद्ध 25 योजनाओं और गतिविधियों के बारे मे जानकारी दी गई।

तथा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया और निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किया जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत 13 हितग्राहियों को पेंशन आदेश का वितरण किया गया। जनपद पंचायत द्वारा 14 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण, कृषि विभाग द्वारा 20 किसानों को रागी बीज का वितरण किया गया, उद्यान विभाग के द्वारा सब्जी बीज एवं पौध खाद दवाई वितरण तथा मत्स्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को जाल एवं आईस बाक्स का वितरण किया गया। शिविर से पहले अधिकारियों और कर्मचारियों, ग्रामवासियों श्रम दान योगाभ्यास भी किया। बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी अधयक्ष जनपद पंचायत गायत्री नागेश, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अरविन्द गुप्ता, सहायक आयुक्त संजय सिंह, अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप राठिया, जनपद सीईओ श्रीवास, विभिन क्षेत्रों के जनपद सदस्य रूपावती बाई, दिनेश्वरी, सविता नागेश, सरपंच, उपसरपंच, पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।



## आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में नो प्लास्टिक अभियान

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद नवीन आदर्श उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में शनिवार को नो प्लास्टिक अभियान उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य विनोद गुप्ता के प्रेरक संदेश से हुई। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम करें तथा कपड़े, कागज और जूट के थैलों जैसे वैकल्पिक साधनों को अपनाएँ। उन्होंने कहा कि "अगर आज कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर खामियाज़ा भुगतना पड़ेगा। अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण से जागरूकता रैली निकाली गई, जो जैन मंदिर मार्ग होते हुए जशपुर बस स्टैंड तक गई और फिर विद्यालय लौट आई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने "प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ" जैसे नारे लगाए और जनता को प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।

# जेईई एवं नीट के लिए जिले के बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क तैयारी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश में तथा यशस्वी जशपुर के समन्वय से जिले में समस्त शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 11वीं 12वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए जेईई नीट जैसे परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष पहल की जा रही है।

ओपन लिंक्स फाउंडेशन प्रोग्राम मैनेजर राजेंद्र विश्वकर्मा ने जिले के हायर सेकेंडरी विद्यालयों के फिजिक्स विषय के व्याख्याताओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान किया जा रहा है। ओपन लिंक फाउंडेशन और अवंती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से स्कूल से ही कोचिंग की बेहतर व्यवस्था, उत्तम रीडिंग मैटेरियल प्रदान करना उसके साथ ही प्रत्येक 15 दिनों में टेस्ट पेपर की सीरीज उपलब्ध करवाई जाएगी। कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजन पश्चात सॉल्यूशन भी प्रदान किए जाएंगे। इन सभी प्रक्रियाओं में समस्त हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं के विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्टर हुए विद्यार्थियों को ही इसका लाभ मिल पाएगा। यह कार्यक्रम जिले में डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर एवं यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित होगा। इस कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडे, संजय दास, दीपक ग्वाला एवं ओपन लिंक्स फाउंडेशन से सोमनाथ साहू, समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं जिले के विज्ञान और भौतिकी संकाय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

**एक महिला सहित आठ आरोपियों ने गौ वंश की हत्या कर मांस को पकाकर खाया था**

# गाय का मांस पकाकर खाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




गाय के मांस को पकाकर खाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से 12 जुलाई को सूचना मिली कि थाना बगीचा के ग्राम मुंडा टोली, थाना बगीचा में मनोज तिर्की के द्वारा गाय का मांस घर में रखा है।

सूचना पर बगीचा पुलिस तत्काल टीम के साथ ग्राम मुंडा टोली थाना बगीचा में जाकर आरोपी मनोज तिर्की के घर की घेराबंदी कर दबिश दी। जहां पुलिस 1 किलो 5 सौ ग्राम कच्चा मांस व एक कुकर में 100 ग्राम पका हुआ मांस मिला। पुलिस के द्वारा उक्त मांस को जब्त कर पशु चिकित्सक से परीक्षण कराने पर गाय के मांस की पुष्टि करने पर पुलिस के द्वारा आरोपी मनोज तिर्की व उसकी पत्नी श्यामपति तिर्की को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध थाना बगीचा में कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

### इन आरोपियो को भेजा गया जेल

पुलिस की पूछताछ पर गिरफ्तार चारों आरोपियों क्र श्यामपति तिर्की उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मुंडा टोली, थाना बगीचा जिला जशपुर, मनोज तिर्की उम्र 40 वर्ष निवासी मुंडा टोली, थाना बगीचा,जिला जशपुर, अलबिनुस तिर्की उम्र 39 वर्ष निवासी सराई टोली थाना बगीचा जिला जशपुर, अशोक केरकेट्टा उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम सराई टोली थाना बगीचा जिला जशपुर के द्वारा अपराध स्वीकार करने व सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### 6 लोगों ने की थी गाय की हत्या

आरोपी मनोज तिर्की ने बताया कि 11 जुलाई को वह सराई टोली, मुंडा टोली थाना बगीचा निवासी अन्य व्यक्ति क्रमशः सुशील खाखा, अलबीनुस तिर्की, सतीश एक्का, अशोक केरकेट्टा, अशित खाखा व विल्सन तिर्की के साथ मिलकर ग्राम गेरसा केरेडांड से एक व्यक्ति से गाय को खरीद कर लाए और उसका मांस को काटकर आपस में बंटवारा किए थे।

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी मनोज तिर्की की निशानदेही पर अन्य आरोपियों में से अलबीनूस तिर्की उम्र 39 वर्ष निवासी सराई टोली थाना बगीचा, अशोक खाखा उम्र 42 वर्ष निवासी सराई टोली थाना बगीचा को भी हिरासत में ले लिया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है, जिनकी पुलिस के द्वारा पतासाजी की जा रही है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बैंक सखी बनी आत्मनिर्भरता की प्रेरणा गांव-गांव पहुंचा रही बैंकिंग सेवा



**जशपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी योजना के अंतर्गत जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम चरईडाड़ निवासी जीनत परवीन, वर्ष 2019 से बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही हैं।

जीनत बताती हैं कि योजना से जुड़ने से पहले वे एक साधारण गृहिणी थीं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत जब उन्हें बैंक सखी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला, तो उन्होंने इसे पूरी लगन और निष्ठा से अपनाया। आज वे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से जुड़ी बैंकिंग सेवाएं अपने गांव और आसपास के ग्रामीणों तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को खाता खोलने, पैसा जमा-निकासी, आधार लिंक, सामाजिक सुरक्षा पेंशन भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाओं में सहायता प्रदान कर रही हैं। उनकी मासिक बैंकिंग लेनदेन की राशि 35 से 40 लाख तक पहुंचती है, जिससे उन्हें नियमित रूप से अच्छा कमीशन प्राप्त होता है।

### पेड़ से टकराई स्कोर्पियो, युवक और किशोरी की मौत

**अंबिकापुर।** शुक्रवार की रात बनारस रोड में चठिरमा बेरियर के समीप तेज रफ्तार स्कोर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई घटना के दौरान वाहन में दो युवती और तीन युवक समेत 5 लोग सवार थे। सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक किशोरी और एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

# संपर्क स्मार्ट स्कूल शुरु होने से बच्चों पालकों में खुशियों की लहर



**पत्थलगांव।** कुनकुरी विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली में शुक्रवार को संपर्क स्मार्ट टीवी एवं संपर्क डिवाइस लगाया गया। प्रधान पाठक ने स्मार्ट क्लास की शुरुआत की।

■ संपर्क फाउंडेशन का जताया आभार

प्रधान पाठक ने पाठ्य-पुस्तक, अभ्यास कार्य, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास पर आधारित वीडियो को दिखाया तो बच्चों की खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने कहा पहले हम संपर्क दीदी को सुनकर सीखते थे परंतु अब देखकर सीखेंगे तो और भी मज़ा आएगा, अब हम और आसानी से विषयवस्तु को सरल भाषा में सीख सकेंगे, इसके साथ- साथ शारीरिक गतिविधि भी करेंगे तथा अभ्यास के प्रश्नों को भी आसानी हल कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि संपर्क दीदी हमें गीत के साथ कहानी भी सुनाती है। 5 वीं की छात्राओं ने कहा संपर्क स्मार्ट टीवी -डिवाइस में हिंदी, अंग्रेजी व गणित के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सामग्री भी है अब हमें तैयारी करना और आसान हो जाएगा। प्रधान पाठक ने संपर्क स्मार्ट स्कूल हेतु विद्यालय को चयनित करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में तकनीक का प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेगा। फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि संस्था ने जिले के 50 विद्यालयों में स्मार्ट स्कूल स्मार्ट ब्लॉक स्थापित करने की पहल शुरू की है, पूर्व में भी संपर्क फाउंडेशन द्वारा शिक्षकों को गणित एवं अंग्रेजी विषयों पर आधारित प्रशिक्षण कराई गई थी साथ ही शिक्षण कार्य हेतु सहायक सामग्री गणित एवं अंग्रेजी किट के साथ अंग्रेजी को आसानी से बच्चे सीख सकें इस हेतु आडियो डिवाइस प्रदान की गई थी, जिसका लाभ बच्चों को आज भी मिल रहा है। निपुण भारत मिशन का लक्ष्य है 2026-27 तक कक्षा 3 के अंत तक प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में दक्ष बनाना। इस मिशन के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु शिक्षण सामग्री तैयार की गई है जिसे सीखकर बच्चे लक्ष्य की पूर्ति आसानी से कर सकेंगे।



## जिपं अध्यक्ष ने कांसाबेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**जशपुर ।** जिला पंचायत अध्यक्ष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल का निरीक्षण किया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जीएस जात्रा को मरीजों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मरीजों के खानपान के संबंध में चर्चा किए एवं मरीजों के अच्छे उपचार हेतु समस्त स्टाफ को निर्देशित किया गया मरीजों से मुलाकात किए। उन्होंने डायलिसिस हेतु सीएमएचओ से चर्चा किए एवं जल्द से जल्द डायलिसिस मशीन सीएचसी कासाबेल में इंस्टॉल करने हेतु कहा गया ताकि क्षेत्र को लोगों को सुविधा मिल सके और उन्हें दूर जाना ना पड़े। उन्होंने वार्ड के मरीजों से मुलाकात करके स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

## चराईडांड विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया

**जशपुरनगर।** जिले के चराईडांड विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्राचार्य के टोप्पो रहे। उन्होंने बच्चों को आशीर्वचन के रूप में जनसंख्या के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जनसंख्या विस्फोट हमारे देश के लिए और अपने लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। इसलिए जनसंख्या पर नियंत्रण काबू पाना आवश्यक हो गया है।

इसकी पहल स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, तथा आप भी अपने घर परिवार समाज को एक अच्छा संदेश दे सकते हैं। हम दो हमारे दो के इस विचार को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे तथा व्याख्याता गुप्ता ने कहा कि जनसंख्या हमारे देश के लिए विकराल समस्या है अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि संसाधन उपलब्धता को बेहद सीमित करती है। जनसंख्या वृद्धि एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर दुनिया द्वारा तुरंत ठोस कदम उठाना चाहिए विश्व जनसंख्या दिवस की 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसलिंग द्वारा स्थापित किया गया था यह सुझाव डॉक्टर के जकारिया ने किया था। निरंतर जनसंख्या विस्फोट दुनिया के विकास के लिए कहीं से भी बेहतर नहीं है। अतः इस जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है और आप जागरूक हो और दूसरे को भी जागरूक करें । एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि की दर को लेकर जन जागरूकता बढ़ाना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है।

तथा गरीबी बेरोजगारी और पर्यावरणीय दबाव जैसे जनसंख्या वृद्धि में दुष्परिणामों को समझना तथा सरकारों को जनसंख्या नीति पर विचार के लिए प्रेरित करना इस कार्यक्रम का विशेष उद्देश्य है संस्था के व्याख्याता मनोज कुमार गुप्ता ने इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की ।

**डिप्टी कलेक्टर ने कराए हैंड्स ऑन एक्सपेरिमेंट फोटो**

# शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन: भौतिकी और विज्ञान के शिक्षकों का उन्मुखीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं में विज्ञान और 12वीं में भौतिकी के शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला सेजेस हिंदी माध्यम में जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने 15 से अधिक रोचक व सरल वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार जटिल भौतिकी के सिद्धांतों को विद्यार्थियों को प्रभावशाली ढंग से समझाया जा सकता है। उन्होंने बल, गति, घर्षण, पृष्ठ तनाव जड़त्व, संवेग ऊर्जा संरक्षण, अपवर्तन, वायुदाब, घूर्णन गति, अपकेन्द्रीय बल, उष्मा संचरण, ध्वनि, स्थैतिक एवं गतिज घर्षण, और न्यूटन के नियमों आदि से जुड़े प्रयोग शिक्षकों से कराए और कक्षा अध्यापन में इन्हें शामिल कैसे करें, यह बताया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पी. के. भटनागर, रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, नायब तहसीलदार रोहित गुप्ता, संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी , बीआरसीसी, जिले के विज्ञान और भौतिकी के व्याख्याता उपस्थित रहे।

### भौतिकी के कई प्रयोगों को स्पष्ट किया गया

प्रयोगों में सामान्य वस्तुओं जैसे – रस्सी, प्लास्टिक की बोतल, मोमबत्ती, पानी, बर्फ, गेंद, पेंडुलम, स्प्रिंग, स्पोक, बैलून, ग्लास, मोबाइल, लेंस, दर्पण, एलईडीबल्ब, पेपर पेन , फनल प्लास्टिक बॉल आदि का उपयोग कर भौतिकी के कई कॉन्सेप्ट्स को स्पष्ट किया गया।

### नोडल अधिकारी ने मनोविज्ञान जान म्यूज को स्पष्ट किया

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने मानव मस्तिष्क साइकोलॉजी के जोन मैपिंग को समझाया। कंफर्ट जोन, फियर जोन, लर्निंग जोन और ग्रोथ जोन के विषय में बताते हुए कंफर्ट जोन से निकलकर चुनौतियां लेते हुए अपने जीवन के साथ विद्यार्थियों के भविष्य को भी बेहतर बनाने पर बात की।



# धनुष की 'कुबेर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष की फिल्म 'कुबेर' को 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब 'धनुष' अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। 'कुबेर' का प्रीमियर 18 जुलाई, से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।

## लाइफ Style



# रोशनी

## 'सन ऑफ सरदार 2' में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सन ऑफ सरदार 2' में मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। अभिनेत्री रोशनी वालिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, जिनकी इस वक्त खूब चर्चा हो रही है। रोशनी वालिया बॉलीवुड की एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 20 सितंबर, 2001 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। 24 वर्षीय रोशनी वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई प्रयागराज से ही पूरी की है। हालांकि, उन्हें बचपन से ही अभिनय में रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने मुंबई का रुख किया और विज्ञापनों में काम किया। रोशनी ने टीवी शो 'मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

रोशनी ने 'बालिका वधूः कच्ची उमर के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव... महादेव', 'ये वादा रहा' और 'भारत का वीर पुत्रः महाराणा प्रताप' जैसे धारावाहिकों में भी काम किया है। वह वेब सीरीज 'नाम नमक निशान' में नजर आ चुकी हैं। रोशनी ने कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा की फिल्म 'फिरंगी' में भी अभिनय किया है। अब वह 'सन ऑफ सरदार 2' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएंगी।

अभिनेता अजय देवगन जल्द ही फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# सेंसर बोर्ड पर भड़के भारतीय दर्शक

**नई दिल्ली।** भारत में 'सुपरमैन' देखने गए दर्शक निराश हुए क्योंकि फिल्म से किसिंग सीन हटा दिए गए थे। सोशल मीडिया पर लोगों ने सेंसरशिप की आलोचना की। सीबीएफसी ने कथित तौर पर कई सारी एडिटिंग की है, जिसमें डेविड और रेचल के बीच 33 सेकंड के किसिंग सीन को छोटा कर दिया गया है। उनका कहना है कि सीबीएफसी एक साधारण किस दिखाने की इजाजत नहीं दे रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों के शिकायतों की बाढ़ आ गई, कई फैंस ने सेंसरशिप की आलोचना की और उन रोमांटिक सीन्स को काटने के पीछे के कारण पर सवाल उठाए जिन्हें वे मानक मानते थे।



# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का सीन हुआ लीक...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस को 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। मार्वल स्टूडियो के लिए भी यह फिल्म बहुत मायने रखती है, क्योंकि 2019 में 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद से एमसीयू की किसी भी फिल्म ने वो सफलता नहीं पाई है, जिसकी इससे उम्मीद रहती है। 'डूम्सडे' जहां 2026 में रिलीज होगी, वहीं उससे पहले 25 जुलाई को 'फैंटास्टकि फोरः फर्स्ट स्टेप्स' भी आ रही है। बहरहाल, इस बीच 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से कुछ नई तस्वीर सामने आई हैं, जिसके बाद यह कहा जा रहा है कि फिल्म का प्लॉट लीक हो गया है! 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से जो नई तस्वीरें आई हैं। दरअसल, तस्वीर में फैंटास्टिक फोर के द थिंग, थंडरबोल्ट्स के यूएस एजेंट और द फाल्कन को एक ही फ्रेम में देखा जा रहा है।



# बैटल ऑफ गलवान में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अपूर्व लाखिया को सौंपी गई है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब चित्रांगदा ने पहली बार सलमान के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्सुकता साझा की है। चित्रांगदा ने बताया कि वह फिल्म में शामिल होने पर बेहद खास महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है कि मिस्टर खान कहते थे कि हमें साथ काम करने का मौका जरूर मिलेगा और आखिरकार अब ऐसा हो रहा है। जैसे कि सलमान कहते हैं, 'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं अपने आप की भी नहीं सुनता।'



# शनाया की पहली फिल्म देख भावुक हुईं मां

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' आखिरकार 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए अभिनेता संजय कपूर और उद्यमी महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। अब शनाया की पहली फिल्म देख उनकी मां महीप भावुक हो गई हैं। उन्होंने अपनी खुशी साझा की है। महीप ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पर शनाया की बचपन की तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी बच्ची की पहली फिल्म सिनेमाघरों में आ गई है। भगवान का आभार। आंखों की गुस्ताखियां आपके नजदीकी सिनेमाघरों में।'

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने बताया क्यों लौट रहा 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'

**मुंबई।** इन दिनों अगर छोटे पर्दे का कोई धारावाहिक सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहा है तो वो है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। इसकी पहली झलक से लेकर कहानी और किरदार तक सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। दर्शक टीवी पर इस शो की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उत्सुकता होना भी जायज है, क्योंकि 25 साल बाद यह लोकप्रिय शो लौट रहा है। हाल ही में निर्माता एकता कपूर ने इस पर बात की।

***दूसरा सीजन लाने में झिझक रही थीं एकता :*** एकता ने सोशल मीडिया पर बताया कि आखिर क्यों इतने लंबे समय बाद अब वह ये शो लेकर आ रही हैं। उन्होंने लिखा, 'जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के 25 साल पूरे होने वाले थे और इसे फिर लॉन्च करने का विचार सामने आया तो मेरी पहली प्रतिक्रिया थी, नहीं! मैं क्यों उन पुरानी यादों को छेड़ना चाहूंगी? मैं अपने बचपन को जैसे याद करती हूं और वो वास्तव में वैसा ही था। वो हमेशा अलग रहेगा।'

***एकता के मन में आए ये सवालः*** एकता आगे लिखती हैं, 'टीवी की दुनिया अब बदल चुकी है। जो कभी सिर्फ 9 शहरों पर निर्भर थी, अब दर्शक अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बिखरे हुए कंटेंट को टुकड़ों में देखते हैं। क्या यह बदलाव 'क्योंकि' की उस ऐतिहासिक टीआरपी को हिला पाएगा, जिसे पहले और बाद में कोई नहीं छू सका? लेकिन क्या यही इस शो की असली विरासत थी? क्या ये सिर्फ एक सबसे ज्यादा टीआरपी वाला शो था?

***ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था- एकता :*** एकता ने लिखा, 'इस शो ने भारतीय घरों की महिलाओं को आवाज दी। साल 2000 से 2005 के बीच पहली बार ऐसा हुआ कि महिलाएं परिवार की बातचीत का हिस्सा बनने लगीं। इसने भारत की कहानी कहने की परंपरा को पूरी दुनिया तक पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू शोषण, उम्र को लेकर ताने, और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों को घर-घर में चर्चा का विषय बना दिया। यही थी उस कहानी की असली विरासत।'

### इतनी फीस ले रहीं स्मृति ईरानी

एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में एक बार फिर स्मृति ईरानी 25 साल बाद एक बार फिर तुलसी बनकर लौट रही हैं। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का पहला प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें स्मृति तुलसी की पूजा करती दिख रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अमुसार, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में एक बार फिर तुलसी की भूमिका निभाने के लिए स्मृति को निर्माताओं को ओर से प्रतिदिन 14 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इसी के साथ वह भारतीय टेलीविजन की सबसे अधिक कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि स्मृति को पहले सीजन के लिए प्रतिदिन 1,800 रुपये मिलते थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद इसका खुलासा किया था।

# 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज 'जस्सी' बने अजय

**मुंबई।** आने वाले दिनों में कई हिट फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के बीच होंगे। इन्हीं में एक है 'सन ऑफ सरदार 2', जिसकी राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। फिल्म के हीरो अजय देवगन हैं, जो पिछली बार अपनी हिट फिल्म 'रेड' का सीक्वल 'रेड 2' लेकर आए थे और एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गए थे। अब उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।



### कैसा है फिल्म का ट्रेलर?

अजय जब साल 2012 में फिल्म 'सन ऑफ सरदार' लेकर आए थे तो दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो गए थे। उनकी कॉमिक टाइमिंग जबरदस्त थी। जस्सी रंधावा बनकर उन्होंने इस फ्रेंचाइजी में वापसी की है। ट्रेलर में कॉमेडी के साथ-साथ अजय ने एक्शन का भी तड़का लगाया है। हालांकि, इस बार सरदार बने जस्सी और उनकी टोली खास जम नहीं रही है। इसमें मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, साहिल मेहता, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं।


### ट्रेलर देख क्या बोले लोग?

ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, 'जस्सी अपने जबरदस्त डायलॉग्स संग लौट आया है।' एक ने लिखा, 'ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर है पाजी।' एक कमेंट है, 'ट्रेलर इतना झक्कास है तो फिर फिल्म तो पक्का ब्लॉकबस्टर होगी।' उधर कुछ लोगों ने इसे बकवास बताया है। उनका कहना है कि इससे बढ़िया तो पहले वाली फिल्म दोबारा देख लेते। एक ने लिखा, 'कबाड़ा कर दिया सीक्वल का।' उधर कुछ लोगों को ट्रेलर देख दिवंगत अभिनेता मुकुल देव की याद आ गई है।

# 'मालिक' ही नहीं, देखिए मार-धाड़ से लबरेज बॉलीवुड की ये गैंगस्टर फिल्में

*मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव फिल्म 'मालिक' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मानुषी छिल्लर नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार पर्दे पर गैंगस्टर बन मार-पिटाई करते दिखे हैं और उनका यह एक्शन अवतार प्रशंसकों को खूब भा रहा है। वैसे 'मालिक' से पहले भी बॉलीवुड में कई ऐसी शानदार गैंगस्टर फिल्में बन चुकी हैं, जिनमें एक्शन के साथ-साथ हीरो की डॉनगिरी आकर्षण का केंद्र रही।*

***'वास्तव' :*** *महेश मांजरेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त ने 'रघु भाई' बनकर धमाल मचा दिया था। फिल्म में बहुत ही शानदार तरीके से मुंबई अंडरवर्ल्ड और नेताओं के रिश्ते को दिखाया गया है। आईएमडीबी ने इसे 8 की रेटिंग से नवाजा है। 7 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*



***'सत्या' :*** *राम गोपाल वर्मा के निर्देशन वाली गैंगस्टर फिल्म सत्या से ही मनोज बाजपेयी को बॉलीवुड में पहचान मिली थी या कहें यही वो फिल्म थी, जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई। भीखू महात्रे की भूमिका में मनोज ने अपनी तगड़ी एक्टिंग से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। दो करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 15 करोड़ रुपये कमाए थे। आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली ये फिल्म सोनी लिव और यूट्यूब पर मौजूद है।*

***'गैंग्स ऑफ वासेपुर':*** *इस फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। जब भी बॉलीवुड की बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों की बात होती है तो 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' का जिक्र जरूर होता है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फैजल खान का किरदार निभाकर पर्दे पर तबाही मचा दी थी। 8.2 रेटिंग लेने वाली 3 परिवारों के बीच की दुश्मनी और राजनीति पर आधारित इस फिल्म का लुत्फ आप नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर ले सकते हैं।*

***'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' और 'मकबूल':*** *आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग पा चुकी अजय देवगन, इमरान हाशमी और कंगना रनौत की वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों में से एक है। इसके हरेक सीन पर तालियां बजी थी। आईएमडीबी पर इसे 7.4 रेटिंग मिली है। उधर बॉलीवुड में अलग धाक जमाने वाले दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने फिल्म 'मकबूल' में 'मकबूल' बनकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसकी रेटिंग 8.0 है। दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो, एमएक्स प्लेयर और यूट्यूब पर हैं।*

## फिल्म 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी

# 'लव एंड वॉर' में रणबीर-विक्की के बीच भयानक भिड़ंत, बनेगा भव्य सेट

*मुंबई। निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी भव्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी पिछली वेब सीरीज 'हीरामंडी' उदाहरण के लिए काफी है। अब भंसाली की अगली फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले काफी समय से वह फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म से जुड़ीं अब कुछ ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जिनके बाद इसकी राह देख रहे दर्शकों की बेताबी और बढ़ जाएगी।*

### जबरदस्त टक्कर देख रोंगटे खड़े हो जाएंगे

रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच एक जबरदस्त सीक्वेंस की शूटिंग होने वाली है, जिसे देख दर्शकों रोंगटे खड़े हो जाएंगे। भंसाली की टीम इस वक्त एक काफी बड़ा सेट तैयार करने में लगी है, जहां नई पीढ़ी के ये 2 सबसे दमदार सितारे एक-दूसरे से भिड़ते दिखेंगे। भंसाली ने रणबीर और विक्की के बीच डायलॉग से भरे इस झन्नाटेदार सीन को प्लान और डिजाइन करने में काफी वक्त लगाया है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

बता दें कि रणबीर और विक्की ने इस फिल्म के लिए शारीरिक तौर पर काफी बदलाव किए हैं। रणबीर ने जहां 12 किलो वजन घटाया है तो वहीं विक्की ने भी 15 किलो वजन कम किया है। अगर सब योजना के मुताबिक चलता रहा, तो मार्च 2026 तक इस फिल्म को रिलीज किया जा सकता है। ये फिल्म वॉर के बैकग्राउंड पर सेट एक लव स्टोरी है, जिसमें 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी।



### कब पूरी होगी 'लव एंड वॉर' की शूटिंग?

सूत्र ने बताया कि 'लव एंड वॉर' की 100 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। 90 दिनों की शूटिंग अभी बाकी है। भंसाली 2025 के अंत तक 'लव एंड वॉर' की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। हालांकि, शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई के अलग-अलग स्टूडियो में शूट होगा, लेकिन टीम ने अक्टूबर के बाद यूरोप में एक आउटडोर शूटिंग की भी योजना बनाई है। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही भंसाली इसे भी काफी नाप-तौलकर बना रहे हैं।

### पहली बार दिखेगी रणबीर, विक्की और आलिया

*ये एक ऐसी फिल्म है, जो रणबीर और विक्की द्वारा निभाए गए 2 मजबूत किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों का कनेक्शन आलिया भट्ट के किरदार के साथ दिखाया जाएगा, क्योंकि ये एक लव ट्रायएंगल फिल्म है। रणबीर और विक्की दोनों इस फिल्म में आर्मी अफसर की भूमिका में होंगे। आलिया और रणबीर पहले 'ब्रह्मास्त्र' में साथ काम कर चुके हैं. वहीं 'संजू' में रणबीर ने विक्की के साथ काम किया है। अब तीनों को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।*

**खबर संक्षेप**



### कच्ची शराब परिवहन करते एक गिरफ्तार

**सरिया।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा, शराब, मादक पदार्थ गांजा में सलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अति पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना पर 30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराबए मोटर साइकल के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सरिया पुलिस को सफलता हासिल हुई है।

### लिखित आश्वासन के बाद भूख हड़ताल समाप्त



**रायगढ़।** ओबीसी महासभा बिलासपुर संभाग उपाध्यक्ष चैतूराम साहू ने तहसीलदार के लिखित आश्वासन के बाद भूख हडताल समाप्त कर दिया है। बता दें कि वो जर्जर सडक को ठीक कराने के लिए आठ जुलाई से भूख हडताल में थे। भूख हड़ताल की प्रमुख मांग एडू चन्द्रशेखर पुर से छाल जो 6 किमी है पूरी तरह से उखड़ चुका है और रास्ते के नाम पर बड़े बड़े गड्डे हैं। इसको लेकर था। 2012 में इस रोड का डामरीकरण हुआ था जो 2, 3 साल में उखड़ गया उसके बाद इस रोड पर मरम्मत का कोई काम नहीं हुआ। जिससे इस रोड की स्थिति इतनी जानलेवा हो गई। इस रोड पर महीने में 30, 40 छोटे मोटे हादसे होते हैं और 8, 10 गंभीर हादसे होते है तथा सेकड़ों के संख्या में वाहन रिपेयर करना पड़ता है। इस सामाजिक सरोकार को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए ओबीसी महासभा के बैनर तले संभाग उपाध्यक्ष चैतूराम साहू के नेतृत्व में मौन भूख हड़ताल जारी था। जिन्हे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का समर्थन था।

### देवरी मोड़ से भुईगांव पहुंच मार्ग पोखर में तब्दील



**तनौद।** पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव को जोड़ने वाली प्रमुख संपर्क मार्ग की हालत इन दिनों अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।
इस मार्ग का उपयोग रोजाना सैकड़ों ग्रामीण करते हैं, जो कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए शिवरीनारायण व भुईगांव और आसपास के क्षेत्रों में आते-जाते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण न केवल लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। बरसात के मौसम में यह मार्ग कीचड़ और जलभराव से इतना भर जाता है कि लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव वासियों का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत और निर्माण को लेकर कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है। जनप्रतिनिधियों को भी बार-बार अवगत कराया गया,लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। इस रास्ते से बच्चे स्कूल जाने में डरते हैं, मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है और व्यापारियों को अपने माल की ढुलाई में नुकसान हो रहा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों खर्च कर किया जाता है। नवंबर 23 में डामरीकरण किया गया था छः महीने के अन्दर ही डामर उखड़ गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया।

## सरपंच के नेतृत्व में निकाली पदयात्रा, प्रशासन से लगाई गुहार

# घर उजड़े तो महिलाएं उठीं : चंदाई में शराबबंदी को लेकर महिलाओं ने लिया निर्णायक मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

ग्राम पंचायत चंदाई की महिलाओं ने इतिहास रचते हुए एकजुट होकर गांव में शराब के खिलाफ बिगुल फूंका। सरपंच समुंद बाई खूंटे के नेतृत्व में गांव की महिलाओं ने नशे के खिलाफ एक प्रभावशाली पदयात्रा निकाली और पूरे गांव में जागरूकता रैली निकालकर समाज को शराब के दुष्परिणामों से आगाह किया।

महिलाओं ने शराब के कारण घरों में बिखरते रिश्तों, टूटते परिवारों और बच्चों के उजड़ते भविष्य को लेकर खुलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। रैली के दौरान वे पूरे आत्मविश्वास के साथ नारे लगाती रहीं। उन्होंने नारे लगाते हुए कहा शराब बंदी अब की बार घर घर होगा ये विचार। माँ बहनों की यही पुकार, नशा छोड़ो सरकार। बता दें चंदाई में सालों से शराब का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। लेकिन प्रशासन ने आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।



**महिलाओं की आवाज हमारे घर बर्बाद हो रहे हैं**

गांव की कई महिलाओं ने भावुक होते हुए कहा कि शराब ने उनके घरों की शांति छीन ली है। पति घर आकर शराब के नशे में हमें मारते पीटते हैं, बच्चों के सामने गाली गलौज होती है। पैसे शराब में उड़ जाते हैं और बच्चों की पढ़ाई तक छुड़ानी पड़ती है। ये अब सहन नहीं होगा। महिलाओं का कहना था कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे और उग्र आंदोलन करेंगी।

**आंदोलन को मिल रहा जनसमर्थन**

इस पदयात्रा और आंदोलन को गांव के युवाओं बुजुर्गों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी समर्थन मिल रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि महिलाओं के इस प्रयास को प्रशासन का सहयोग मिल जाए तो चंदाई जल्द ही नशामुक्त गांव के रूप में मिसाल बन सकता है।

**महिला समूह ने प्रशासन से की तीन बड़ी मांगें**

1. गांव में चल रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।
2. शराब सेवन करने वालों पर निगरानी रखकर कानूनी कार्रवाई की जाए।
3. गांव को स्थायी रूप से नशामुक्त घोषित किया जाए।

**सरपंच ने कहा शराब हमारे गांव का जहर बन चुकी है**

पदयात्रा के समापन पर सरपंच समुंद बाई खूंटे ने कहा हमारे गांव की पहचान मेहनतकश, शांतिप्रिय और आत्मनिर्भर लोगों से रही है। लेकिन शराब ने हर घर में कड़वाहट घोल दी है। अब यह सिर्फ एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि हमारी पीढ़ियों के भविष्य के लिए खतरा बन गई है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि तत्काल इस पर रोक लगाई जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# कुर्क होगी शिवा की संपत्ति न्यायालय ने दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

छत्तीसगढ़ के सबसे हाईप्रोफाइल मामले रायकोना के महाठग शिवा साहू द्वारा 8 महीने में पैसे डबल का खेल किसी से छिपा नही है। जिसमें महाठग ने रकम दुगने करने के नाम पर अपने झांसे में लेकर ग्रामीण क्षेत्र के हजारों निवेशकों से करोड़ो रूपये ठगी कर अकूत संपत्ति बना ली थी।



■ निवेशकों में बढी उम्मीद, करोड़ो की ठगी पर न्यायिक शिकंजा

जिसमें शिकायतों के आधार पर थाना सरसींवा ने कार्यवाही करते हुए महाठग के चल अचल संपत्ति को जप्त कर लिया था और शिवा एवं साथियों को सलाखों के पीछे धकेल दिया था। जिसमे न्यायलय ने ऐतिहासिक कार्यवाही करते हुए निवेशकों को राहत पहुंचाने हेतु कुर्की आदेश पारित किया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की न्यायिक परिपाटी में एक ऐतिहासिक निर्णय की पुनरावृत्ति करते हुए विशेष न्यायालय ने अवैध रूप से संचालित ष्शिवा विथ जरनी नामक वित्तीय संस्थान के मार्फत किए गए करोड़ों की ठगी के विरुद्ध धारा 7 (2) छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत एक निर्णायक आदेश पारित किया है।

**30 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाला शिवा**

प्रकरण थाना सरसीवां अंतर्गत संबद्ध है, जिसमें शिवा साहू एवं उसके सहयोगियों द्वारा एक सुनियोजित वित्तीय षड्यंत्र रचकर लगभग 270 निवेशकों से 30 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की गई। शिवा विथ जरनी के नाम पर निवेशकों को क्रिप्टोकरेंसी एवं शेयर मार्केट में निवेश पर 30 प्रतिशत मासिक लाभ तथा 8 माह में राशि दुगनी करने का प्रलोभन दिया गया। विश्वास की इस साजिश ने आम जनमानस की जीवनभर की पूंजी को गर्त में ढकेल दिया।

# पुसौर में मिशन सिक्योर सिटी के तहत टीआई ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



थाना मुख्यालय पुसौर सहित आसपास के व्यापारीयों द्वारा अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा में लगाए गए कैमरे देखते हुए अपराधिक एवं दुर्घटनाजन्य सुरक्षा के मद्देनजर एक केमरा रोड की ओर स्थापित करने की अपील करने थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने क्षेत्र के व्यापारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया।

उक्त बैठक बीते शनिवार को थाना कार्यालय पुसौर में हुआ जहां नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, पार्षद प्रतिनिधि अंशु साव, नगर उपाध्यक्ष उमेश साव सहित आसपास के व्यापारी वर्ग मौजुद रहे। बैठक के संबंध में टीआई यादव ने बताया कि दुर्घटना, चोरी सहित अन्य संदिग्ध मामलों के पतासाजी के लिए दुकान अथवा घारों में सीसी केमरे लगे हैं वहीं एक केमरा रोड की ओर लगाया जाए ताकि आते जाते हुए लोगों का तस्दीक की जा सके। इसी कड़ी में इन्होंने कहा कि जिला पुलिस प्रशासन के निर्देश में शहर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ करने जनभागीदारी के जरिए सीसीटीवी अभियान चलाया गया है जिसके लिए यह बैठक है। ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पूर्व जब उक्त थाने में प्रशिक्षु डीएसपी के एल पटेल थाना प्रभारी के पदभार में थे उस समय बोरोडिपा चौक, बस स्टैंड तथा बाजार चौक में सीसी केमरे लगाए गए थे जिसके स्थापना के समय तात्कालीन नगर अध्यक्ष किशोर कसेर शामिल रहे जो डीएसपी पटेल के उक्त व्यवस्था का सराहना किया था साथ ही चर्चा समूचे जिले में रही। बताया जाता है कुछ वर्ष पूर्व नगर पंचायत के कुछ महत्वपुर्ण वार्डो में सीसी केमरे लगाए जाने की तैयार कर ली गई थी जो चुनाव आने के कारण वह कार्यक्रम रद्द हो गया। बहरहाल टीआई यादव द्वारा मिशन सिक्योर सिटी हेतु आयोजित बैठक कितनी कारगर होगी यह आने वाले समय में ही दिखेगा लेकिन यह तो तय है कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीकेमरा लगाने के लिए कोई व्यवसायिक प्रतिष्ठान पीछे नहीं रहेगा।



### बैगलेस डे, बाढ़ बचाव पर कार्यशाला का आयोजन

**कटेली।** मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में बैगलेस डे के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए बाढ़ एवं आपदा बचाव पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान पाठक श्रीमती प्रियंका गोस्वामी ने किया। बच्चों को बताया गया कि बाढ़ के दौरान सुरक्षित स्थान पर जाना, बिजली उपकरणों से दूर रहना, जरूरी सामान साथ रखना और प्रशासन के निर्देशों का पालन करना बेहद जरूरी है। सहायक शिक्षकों असरिता टोप्पो, संजय मिश्रा और खेमराज पटेल ने भी बच्चों को बाढ़ से जुड़ी सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी, जैसे कृ ऊंचे स्थान पर जाना, दस्तावेज सुरक्षित रखना, जलरोधक कपड़े पहनना और केवल उबला हुआ पानी पीना। इस आयोजन की सराहना करते हुए संकुल समन्वयक अशोक खरे और संकुल प्राचार्य बीरेन्द्र अनंत ने शालेय परिवार को बधाई दी।

# 17 महिला स्व सहायता समूहों को 39 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन की योजनाओं के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जा रहा है जिससे वे सामूहिक रूप से अपने उद्यम को सशक्त रूप से आगे बढ़ा सकें।

इसी कड़ी में रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना के तहत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने 17 महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार से जोडऩे हेतु कुल 39 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से महिला समूहों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे वे अपने व्यवसाय को मजबूत कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। यह पहल महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के संसाधनों को भी बढ़ावा देने का कार्य करेगी।
उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास द्वारा ऋण योजना अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों का गठन एक वर्ष से अधिक हो एवं समूह का ग्रेड ए हो को 3 प्रतिशत सालाना ब्याज दर पर आसान किश्तों पर प्रथम बार में 2 लाख रुपए एवं प्राप्त ऋण की पूर्ण अदायगी पर द्वितीय बार में 6 लाख रूपए तक ऋण स्वीकृत की जाती है।
जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन महिलाओं को ऋण राशि स्वीकृत किए गए है उनमें नायरा स्व सहायता समूह गांधीनगर काशीराम चौक जूटमिल को 2 लाख रुपए प्रगति महिला स्व सहायता समूह कोतरलिया को 2 लाख रुपए, मां अम्बे स्व सहायता समूह बायसी को 2 लाख रुपए, लक्ष्मी स्व सहायता समूह बस स्टेण्डपारा कापू को 2 लाख रुपए, सरस्वती स्व सहायता समूह कुंजारा को 6 लाख रुपए, शक्ति स्व सहायता समूह पिपराही को 2 लाख रुपए, जगन्नाथ स्व सहायता समूह सराईपाली को 2 लाख रुपए, देवी स्व सहायता समूह चिल्कागुड़ा को 6 लाख रुपए, सरस्वती महिला स्व सहायता समूह को 2 लाख रुपए, उपरोक्त 09 समूहों को रेडी टू ईट निर्माण कार्य हेतु राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह स्वास्तिक स्व सहायता समूह बेलादुला को राशन दुकान हेतु 1 लाख रुपए, स्वेच्छा स्व सहायता समूह बेलादुला को राशन दुकान हेतु 2 लाख रुपए इच्छा स्व सहायता समूह ढ़िमरापुर को राशन दुकान हेतु 2 लाख रुपए शारदा महिला स्व सहायता समूह बिजना को सब्जी उत्पादन हेतु 50 हजार रुपए जय मां शारदा स्व सहायता समूह पुरैना को बकरी पालन हेतु 1 लाख रुपए संगवारी स्व सहायता समूह बड़े देवगांव को बकरी पालन हेतु 1 लाख रुपए पूजा स्व. सहायता समूह नंदगांव को कृषि कार्य हेतु 50 हजार रुपए तथा आशा महिला स्व सहायता समूह नावापारा को मशाला उद्योग हेतु 1 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। महिला स्व.सहायता समूहों को विभिन्न कार्यो हेतु ऋण राशि स्वीकृत होने पर कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने शुभकामनाएं दी है।

# अमन आत्महत्या मामला, 10 माह से फरार आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

करोड़ों रुपए लेकर धोखाधड़ी और युवक को आत्महत्या के लिऐ उत्प्रेरित करने के मामले में 10 माह से फरार आरोपी को तमिलनाडु से पकड़ने में थाना जांजगीर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी सतेंद्र पटनवार निवासी कोरिया हाल मुकाम द्वारिका सेक्टर 18 दिल्ली ने रिर्पोट दर्ज कराया था की आरोपी अनुराग राठौर एवं उनके अन्य साथियों को प्रार्थी का भांजा अमन कौशिक ने कुल 1 करोड़ साठ लाख रुपए उधारी दिया था, वापस मांगने पर आरोपियों के द्वारा वापस न कर धोखाधड़ी कर दिए और अमन कौशिक को आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करने लगे जिस पर अमन कौशिक के द्वारा आरोपियों के धोखाधड़ी और प्रताड़ना से तंग आकर 10 अक्टूबर 2024 को आत्महत्या करने के लिए जहर सेवन कर लिया था। जिसे उपचार के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध कायम कर विवेचन में लिया गया था।



### दो बार हुआ टेंडर निरस्त, भाजपा कोषाध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी सक्ती जिले के कोषाध्यक्ष एवं जिला स्वास्थ्य विभाग की जीवनदीप समिति के सदस्य रामनरेश यादव ने 11 जुलाई को सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो को एक पत्र प्रेषित किया है। पत्र में रामनरेश यादव ने जिला स्वास्थ्य विभाग सक्ती द्वारा बुलाई गई निविदा को बिना कारण रद्द करने के संबंध में आवश्यक जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। रामनरेश यादव ने अपने पत्र में बताया है कि मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सक्ती (छग) द्वारा निविदा सूचना 12 जून 2025 द्वारा प्रकाशित निविदा के अंतर्गत विविध प्रशिक्षण एवं बैठक हेतु चाय नाश्ता एवं भोजन हेतु निविदा, विविध प्रशिक्षण एवं बैठक हेतु हाल एवं ठहरने के लिए कमरा हेतु निविदा, विविध प्रचार प्रसार हेतु वॉल पेंटिंग फ्लेक्स प्रिंटिंग बोर्ड प्रिंटिंग ऑफसेट प्रिंटिंग पम्पलेट पोस्टर होर्डिंग पोलसहित माईकिंग रिक्शा वाहन सहित आदि की व्यवस्था एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य हेतु कार्यक्रम प्रबंधन इकाई एवं चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत वाहन किराये पर लिए जाने हेतु निविदा विधिवत आमंत्रित की गई थी।

# पंचायत राज से जुड़कर योजनाओं का लाभ ले रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ग्राम पंचायत ससहा में ग्रामीण विकास आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन से लोगो के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। लोग पंचायत राज से जुड़कर योजनाओं का लाभ ले रहे है।

सरपंच कुसुम उत्तरा साहू के नेतृत्व में ग्राम पंचायत ससहा में स्वच्छता के विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे। स्वच्छता सर्वे 2025 के तहत गतिविधि का आयोजन सूखे गीले कचरा कलेक्शन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम से लोगो को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्मित परिसंपत्तियों का रंगरोगन, पंचायत भवन जोर्णोद्धार कार्य, स्ट्रीट लाइट चौक चौराहों में अंधेरे से प्रकाशमय, नालियों की सफाई, रिचार्ज सोकपिट का निर्माण, जल संरक्षण कार्य, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से नहरों का सफाई, मुरुमिकरण रोड़, आंगनबाड़ी भवनों का रंगरोगन जैसे कार्यो से ग्रामीण जन काफी खुश नजर आ रहे है। ग्रामीण लोगों को आर्थिक विकास के लिए बेहतर संभावनाए प्रदान करने के लिए, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी, नियोजनों का विकेंद्रीकरण से ग्राम पंचायत की तस्वीर बदल रही है। इस कार्यक्रम में लगातार जनसहयोग जनपद सदस्य उपसरपंच समस्त पंच का मिल रहा है।



ग्राम में हुए विकास की एक झलक।

## अब तक 24,360 हितग्राहियों को मिली सुविधाएं

# शहर में अब घर बैठे मिल रहीं शासकीय सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में संचालित मोर संगवारी योजना के तहत नागरिकों को अब सरकारी दस्तावेजों की सुविधा घर बैठे मिल रही है। एक कॉल पर निगम के अधिकृत संगवारी हितग्राही के घर पहुंचकर सेवा प्रदान कर रहे हैं। अब तक 24,360 से अधिक लोगों को प्रमाण पत्र और राशन कार्ड जैसी सेवाएं उनके घर जाकर दी जा चुकी हैं।

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करने पर संगवारी हितग्राही के घर जाकर आवश्यक दस्तावेज लेते हैं उन्हें ऑन द स्पॉट ऑनलाइन प्रोसेस करए तय समयसीमा में प्रमाण पत्र डिलीवर करते हैं।



**फैक्ट फाइल**

- अब तक 26632 कॉल पर अपॉइंटमेंट
- 24723 बार फील्ड विजिट
- 24,360 हितग्राहियों को सेवाएं
- 6836 जन्म प्रमाण पत्र जारी
- कुल 27 सेवाएं जैसे राशन कार्डए जाति निवास आय प्रमाण पत्र, आधार अपडेट, पेन कार्ड, भू नक़ल आदि प्रदान की जा रही हैं।

**विवाह पंजीयन**

निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र, गुमास्ता, आधार अपडेट, पेन कार्ड, भू नक़ल, मजदूर कार्ड व अन्य सेवाएं।

**समय और धन की बचत**

इस योजना के पहले लोगों को निगम कार्यालय आना पड़ता थाए जिससे समय और पैसे दोनों का नुकसान होता था। अब घर बैठे सेवा मिलने से न केवल सुविधाएं आसान हुई हैंए बल्कि लंबी लाइनों और बार बार चक्कर लगाने से भी छुटकारा मिला है। बेनीकुंज निवासी राहुल अग्रवालए दुर्गा चौक निवासी दिनेश नीलम और प्रगति नगर निवासी रमेश चौहान जैसे कई नागरिकों ने समय पर सेवा मिलने पर निगम प्रशासन का आभार जताया और योजना की सराहना की। 14545 पर कॉल कर पाएं ये सेवाएं राशन कार्ड नया, ट्रांसफर, गुम, नाम जोड़ना काटना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व सुधार।

### शासकीय निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी 17 को

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना जांजगीर-चांपा के अंतर्गत जिले में शासकीय निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी गुरुवार 17 जुलाई को 11 बजे कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना जांजगीर (खोखरा भांठा) में की जाएगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि निष्प्रयोज्य सामग्रियों में नगर सैनिकों की वर्दी की कमीज, फुल पैंट, टोपी, मोजा, जूते, किट बाक्स तथा अन्य निष्प्रयोज्य सामग्रियों की एक ही साथ नीलामी कर दी जावेगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलाम की जाने वाली सामग्री को देख सकेंगें।

